# अयोध्या में 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण/शिलान्यास


## मुख्यमंत्री ने अबकी बार 400 पार के नारे के साथ सभी से सहयोग की अपील किया













तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या:** चुनाव से पूर्व जनपद में 1090 करोड़ की 411 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। राजकीय इंटर कालेज के प्रांगण में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा प्रभु श्रीरामलला के भव्य दिव्य और नव्य मंदिर में विराजमान होने के उपरांत इतने बड़े सार्वजनिक कार्यक्रम में मुझे पहली बार आने का अवसर प्राप्त हुआ है।

आप सब का हृदय से अभिनंदन करता हूं और कहा कि अयोध्या ने फिर से अपने आप को साबित किया है। एक सप्ताह पहले देख रहा था 22 जनवरी से लेकर के और 10 मार्च तक एक करोड़ श्रद्धालुओं ने प्रभु रामलला का दर्शन धाम में आकर किया और प्रभु की ऐसी कृपा कि इतना शांतिपूर्ण तरीके से इतना सौहार्दपूर्ण तरीके से दर्शन हो सके सुगमता के साथ सुरक्षित तरीके से स्वच्छतम तरीके से और आतिथ्य सेवा का भी अद्भुत उदाहरण धाम वासियों ने किया है मैं उन सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं और इस दिन को देखने के लिए जो अवसर हम सबको प्रदान किया है। उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति बार-बार, कोटि-कोटि अभिनन्दन और अभिवादन करते हुये आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा अयोध्या का नाम पूरी दुनिया के अंदर गूंज रहा है। यहां आने से पूर्व भगवान श्रीरामलला और श्री हनुमानगढ़ी के दर्शन करने के लिए गया और आगामी रामनवमी की तैयारी देखने के लिए भी आया हूं।

अयोध्या को दुनिया की सुन्दरतम नगरी के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना साकार हो रही है। कहा कि इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए यहां पर 2017 में हम सभी ने दीपोत्सव का भव्य आयोजन किया था, जब दीपोत्सव का आयोजन करते थे लोग बोलते थे कि यह तो एक औपचारिकता है। हम कहते थे कि यह एक औपचारिकता नही है यह भगवान राम के आगमन के पहले की तैयारी है। अयोध्या वासियों को मानसिक रूप से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री हमेशा पूछते थे कि अयोध्या में क्या हो रहा है। दीपोत्सव में प्रधानमंत्री स्वयं आये थे इस वर्ष तो 54 देशों के राजदूत भी आये थे। उन्होंने कहा कि रामपथ, भक्ति पथ, धर्मपथ कोई सोचता था कि ऐसा होगा और टेढ़ीबाजार से जो फ्लाई ओवर बने है मल्टीलेबल पार्किंग बनी है।

कोई सोचता था कि अयोध्या में ऐसा होगा एक भी व्यापार उजड़ा नही सबका पुर्नवास हुआ और सबका व्यवसाय भी कई गुना बढ़ा है।और आज कुछ नया देने के लिए आये है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण परियोजना है 40 मेगावाट के सोलर प्लांट का उद्घाटन और शिलान्यास। अयोध्या जो सूर्यवंश की राजधानी के रूप में जानी जाती है। वह देश की पहली सोलर सिटी बन गयी है उसके लिए भी आप सभी को बधाई देना आया हूं तथा आवाहन किया कि अपने लोकप्रिय सांसद को जिताकर प्रधानमंत्री के लक्ष्य अबकी बार 400 के पार लक्ष्य को पूरा करें।

इसके पूर्व लोकप्रिय सांसद लल्लू सिंह ने जनसभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि सप्तपुरिया में श्रेष्ठ श्रीरामलला की जन्मभूमि में उपस्थित उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या वासियों की तरफ से हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन करता हूं। उन्होंने कहा कि जब से भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई है तब से कई बार आकर मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीरामलला के दर्शन को सुलभ बनाने का काम किया है। साथ ही कहा कि आप सब के आशीर्वाद से हनुमान जी की कृपा एवं पूर्व संतों के आशीर्वाद से 1991 से लगातार अयोध्या की सेवा करने का अवसर मिला है। इसके अतिरिक्त जनसभा को महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, विधायक सदर वेदप्रकाश गुप्ता, रूदौली रामचन्दर यादव, बीकापुर डॉ. अमित सिंह चैहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव तथा पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय सहित पूर्व विधायकगणों ने सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री द्वारा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और आवास की चाभी भी प्रदान की गयी। इस अवसर पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ, लोकसभा के प्रभारी कृष्ण शास्त्री, महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह, डॉक्टर बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, ओम प्रकाश सिंह, रामकृष्ण तिवारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं अयोध्या जनपद के सम्मानित जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री का उड़नखटोला साकेत डिग्री कालेज के प्रांगण में उतरा, जहां पर मुख्यमंत्री का स्वागत मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पुलिस अधिकारीगण द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा हनुमानगढ़ी एवं रामलला विराजमान मंदिर में दर्शन पूजन किया गया। उक्त अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि के जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे तथा उक्त अवसर पर श्रद्धालुओं ने हाथ से लिखा हुआ रामायण की प्रति भी मुख्यमंत्री को दिखायी। अन्त में वरिष्ठ अधिकारियों मण्डलायुक्त गौरव दयाल, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज ने जनसभा के सफल आयोजन हेतु अयोध्या के जनमानस, सहित सम्मानित मीडिया बन्धुओं, कार्यक्रम में लगे सभी अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उपनिदेशक सूचना/प्रभारी मुख्यमंत्री मीडिया सेन्टर लखनऊ डॉ. मुरलीधर सिंह ने सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथियों कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।

# लोकार्पण व शिलान्यास में मुख्य रूप से शामिल हुई ये परियोजनायें



तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या:** मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित परियोजनाओं के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के 111, नियोजन विभाग के 05, नगर विकास विभाग के 08, बेसिक शिक्षा विभाग की 01, गृह विभाग के 05, ऊर्जा मंत्रालय के 01 एवं नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के 59 परियोजनायें सम्मिलित है। उल्लेखनीय है कि लोकार्पित की जाने वाली परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत उ.प्र. राज्य सेतु निगम द्वारा बिगनियापुर हसंराजपुर के सेतु एवं एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा 14 मेगावाट सोलर पावर प्रोजेक्ट लोकार्पण सम्मिलित है।

शिलान्यास परियोजनाओं में जनपद के 221 परियोजनाओं जिसकी लागत रू0 68422.48 लाख (रु. छः सौ चौरासी करोड बाईस लाख अडतालीस हजार) है, का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास की जाने वाली परियोजनाओं के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के 30, नियोजन विभाग के 70, नगर विकास विभाग के 04 बेसिक शिक्षा विभाग की 01, गृह विभाग के 03, पर्यटन के 02, उद्यान विभाग के 01, प्राविधिक शिक्षा विभाग के 01, आवास एवं शहरी नियोजन के 04, ऊर्जा मन्त्रालय के 01, पंचायतीराज विभाग के 102, पशुपालन विभाग के 01 एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के 01 परियोजनायें सम्मिलित है। इस प्रकार कुल 411 परियोजनायें, जिनकी कुल लागत रू. 109032.99 करोड (रू. एक हजार नब्बे करोड़ बत्तीस लाख निन्यानवे हजार) है, का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

लोकार्पित होने वाली प्रमुख परियोजनाएं में बिगिनियापुर एवं हंसराजपुर समगढ़ा के मध्य गोमती नदी के बिगिनियापुर घाट पर सेतु, पहुंच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य 14 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट, ग्रामसभा-साहसीपुर से तिवारीपुर होते हुए थारूपुर संपर्क मार्ग दर्शननगर-रसूलाबाद-ऐमीघाट मार्ग के किमी 1 से 13 तक नवीनीकरण महराजगंज, हैदरगंज, रुदौली एवं रैनाही थाने में हॉस्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष कस्तूरबा गांधी विद्यालय, सोहावल में 100 बेड का छात्रावास, बिल्हर घाट-ऐमी घाट-तारुन- गोसाईगंज मार्ग का किमी 1 से 12 तक नवीनीकरण जलालपुर-रामपुर भगन-तारुन-अहिरौली मार्ग का नवीनीकरण, 60 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण पेयजल परियोजना मां कामाख्या नगर पंचायत कार्यालय भवन, मां कामाख्या, भरतकुंड-भदरसा, कुमारगंज, गोसाईगंज एवं रुदौली नगर पंचायत में एम.आर.एफ. सेंटर की परियोजनाएं है। शिलान्यास होने वाली प्रमुख परियोजनाएं में सरयू नदी जलापूर्ति स्रोत से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट परियोजना का फेज-1 अमृत-2.0 के अंतर्गत नगर पालिका परिषद रुदौली पेयजल पुनर्गठन परियोजना, 12,000 वर्गफीट पर पुलिस प्रशासनिक भवन/कंट्रोल रूम, श्री रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह, रायबरेली-अयोध्या मार्ग नाका हाईवे से नाका चुंगी तक 4 लेन चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, भक्तिपथ से श्रीराम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमान गढ़ी मार्ग, 26 मेगावाट का सोलर पावर प्रोजेक्ट, राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नर्सिंग कॉलेज की परियोजनाएं है।

# शहर के कोतवाली नगर क्षेत्र में पकड़ा गया अवैध हुक्का बार

तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या :** शासन प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी लोग अपनी हरकतों से बाज नही आते हैं प्रशासन के निर्देशों को धता बताते हुए पुलिस की नाक के नीचे अबैध कारोबार करने से गुरेज नहीं करते हैं।शहर के व्यस्ततम चौराहा रिकाबगंज के निकट एक शोरूम के ऊपर अवैध हुक्का बार का पकड़ा जाना इसका जीता जागता उदाहरण है। कोतवाली नगर क्षेत्र के पुलिस चौकी रिकाबगंज पुलिस की नाक के नीचे चल रहे अबैध हुक्का बार का किसी को भनक तक नहीं लग पायी और धड़ल्ले से हुक्का बार का संचालन किया जाता रहा। बताते चलें कि शहर की मशहूर मोहन स्वीट हाउस जहाँ पर सैकड़ों लोग की लगभग हर समय भीड़ लगी रहती है। उसी के बगल में स्थित मुफ्ती शोरूम के ऊपर अबैध हुक्का बार का धंधा चल रहा था। और पुलिस को भनक तक नही लगी। जबकी अयोध्या फैजाबाद जुड़वा शहर वीआईपी व वीवीआईपी क्षेत्रों में सुमार है। यहाँ प्रत्येक दिन वीआईपीयो का आना जाना लगा रहता है। अक्सर प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या दौड़ा होता रहता है। उसके बाद भी शहर में चल रहा अबैध कारोबार चाहें अबैध स्पा सैलून सेंटर हो या हुक्का बार यह सब पुलिस की नकामीयत को बयां करती है। हुक्का बार चलने की सूचना मिलते ही अवैध हुक्का बार चलाने वाले शहर के राठ हवेली निवासी अफजल और बिलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छापे मारी किया जहां पर तीन हुक्का, दो चिलम छह पाइप, तीन डिब्बा तंबाकू व चार तंबाकू पेपर डिब्बी बरामद, किया गया है। वही स्थानीय लोगों की माने तो शहर में अवैध हुक्का बार व अवैध स्पा सैलून की भरमार है। पुलिस की मिलीभगत का भी आरोप लगा रहें हैं। रिकाबगंज रामप्रकाश सिंह ने बताया कि हुक्का बार संचालक दो लोगो के विरूद्ध मेरे द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है। और आरोपियों की तलाश की जा रही है। तथा चौकी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जायेगा अबैध कारोबारियों को बक्सा नही जायेगा।

# हाईकोर्ट ने दो वकीलों पर खिलाफ न्यायालय की अवमानना पर मथुरा के अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

## जोरदार हंगामा काटा जिससे न्यायिक कार्य बंद हो गए




तेजयुग न्यूज़

**मथुरा।** जनपद न्यायाधीश की संस्तुति पर हाईकोर्ट द्वारा दो स्थानीय वकीलों के खिलाफ न्यायालय के अवमानना के मामले को स्वीकार कर लिए जाने के विरोध में आज न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने जोरदार हंगामा काटा जिससे न्यायिक कार्य बंद हो गए।

न्यायालय परिसर में नारेबाजी करते हुए अधिवक्ताओं ने दोनों वकीलों के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना का मामला वापस लिए जाने की मांग की। इसे लेकर अधिवक्ताओं ने बार सभागार में बैठक भी की, जिसमें इस मामले को लेकर हड़ताल पर मंथन चल रहा है। बताया गया है कि ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट सप्तम द्वारा पिछले दिनों अधिवक्ता महावीर रावत और राजेंद्र के खिलाफ न्यायालय की अवमानना की शिकायत जिला जज से की थी। उनके द्वारा यह शिकायत हाईकोर्ट भेजी गई।

बताते हैं कि हाईकोर्ट द्वारा इन दोनों अधिवक्ताओं के खिलाफ इस मामले को स्वीकार लेने के बाद से ही वकीलों में आक्रोश था। जिसे लेकर गुरुवार सुबह बड़ी संख्या में वकीलों ने नारेबाजी करते हुए न्यायालय में काम करना बंद हो गया। उनकी मांगे थी कि अवमानना वापस ली जाए।

# चोरों का आतंक पेटी में रखा जेवरात व नकदी किया पार




तेजयुग न्यूज़

**मिल्कीपुर/अयोध्या :** थाना इनायतनगर के चौकी क्षेत्र बारुन बाजार अंतर्गत खिहारन गांव में बेखौफ चोरों का आतंक बढ़ गया है।बीते एक पखवाड़े के अंदर दो घरों में हुई चोरियों से पूरे गांव में दहशत है।बीती रात चोरों ने ललित मोहन श्रीवास्तव के घर में घुसकर नगदी व जेवरात को पेटी समेत पार कर दिया।सुबह जब खोजबीन की गई तो घर से थोड़ी दूर गांव के किनारे गेहूं के खेत में पेटी और बिखरा हुआ सामान बरामद हुआ।

जिसमें से चोरों ने पेटी में रखा सोने का दो अदद मंगलसूत्र, कान का टॉप्स, बिछिया, पावजेब और एक गुल्लक जिसमें लगभग 10 से 12 हजार रुपए नगदी थी उसे चोरी कर लिया। एक पखवाड़े पूर्व ठीक इसी पैटर्न पर गांव में हुई दूसरी चोरी में चोरों ने गांव के ही श्याम नारायन के घर को निशाना बनाया था। चोरों ने रात में पीड़ित के घर में घुसकर एक पेटी जिसमें उसकी पत्नी का जेवर,नगदी रखा था उसे साइकिल समेत चुरा लिया था। यहां भी सुबह जब पीड़ित ने खोजबीन किया तो घर से 200 मीटर दूर स्थित कब्रिस्तान के पास बिखरी हुई पेटी मिली जिसमें से चोरों ने नगदी व जेवरात को पार कर दिया था। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से किया है। इस सम्बंध में चौकी प्रभारी ने बताया कि शिकायत मिली है छानबीन की जा रही है शीघ्र ही मामले का खुलासा होगा और दोषियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# रामनवमी में श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन पूजन हेतु दिया आवश्यक दिशा निर्देश

## 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्र मेले का प्रारम्भ हो रहा है, उसके लिए बेहतर व्यवस्था किया जाय तथा श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाने हेतु कार्य करें





तेजयुग न्यूज़

**अयोध्या:** आगामी रामनवमी के अवसर पर भगवान रामलला के विराजमान मंदिर में 24 घंटे दर्शन पूजन की व्यवस्था करने हेतु मुख्यमंत्री करने हेतु दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्था हो तथा पीने के पानी, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा मेले में लगे हुये सभी विभाग बेहतर समन्वय कर कार्य करने का निर्देश दिया। 09 अप्रैल से चैत्र नवरात्र मेले का प्रारम्भ हो रहा है।

उसके लिए बेहतर व्यवस्था किया जाय तथा श्रीरामनवमी 17 अप्रैल को भव्यता से मनाने हेतु कार्य करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अयोध्या के राजकीय इंटर कालेज में जनसभा के बाद वहां पर बने बैठक कक्ष में आगामी माह में पड़ने वाले त्यौहार श्रीरामनवमी और नवरात्रि के तैयारी की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर

**▶▶ मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र/रामनवमी त्यौहार पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों से समन्वय कर श्रीरामलला विराजमान मंदिर को अष्टमी, नवमी एवं दशमी तक 24 घंटे तक खोलने की व्यवस्था किया जाये**

समीक्षा की गयी। इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र/रामनवमी त्यौहार पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्यों से समन्वय कर श्रीरामलला विराजमान मंदिर को अष्टमी, नवमी एवं दशमी तक 24 घंटे तक खोलने की व्यवस्था किया जाय। केवल पूजन अर्चन के समय विशेष रूप से मंदिर के कपाट मानक के अनुसार दर्शन पूजन रोका जाय। साथ ही साथ साफ सफाई लोगों के पेयजल की व्यवस्था तथा गर्मी को देखते हुये श्रद्धालुओं के लिए परिवहन निगम एवं नगर विकास विभाग से समन्वय कर इलेक्ट्रानिक बसों की व्यवस्था किया जाय। ऐसी व्यवस्था किया जाय कि श्रद्धालुओं को ढाई किमी0 से ज्यादा चलने की आवश्यकता न हों तथा तुलसी उद्यान आदि स्थानों पर उनके त्यौहार के समय उनके जूते चप्पल रखने की भी व्यवस्था हो, क्योंकि आज कल की गर्मी को देखकर आगामी माह में ज्यादा गर्मी पड़ने की सम्भावना है।

साथ ही साथ रामनवमी त्यौहार के समय चुनाव कार्य भी शुरू हो गया होगा इसलिए रामनवमी के अवसर पर मुख्य क्षेत्रों पर रामलला मंदिर, हनुमानगढ़ी आदि स्थानों पर स्थायी रूप से पुलिस कार्मिकों एवं अन्य सेवा के लोगों को ड्युटी लगायी जाय तथा उनको इलेक्शन ड्युटी से मुक्त रखा जाय क्योंकि श्रद्धालुओं की भीड़ श्रीरामलला विराजमान मंदिर के बाद दिन ब दिन बढ़ती जा रही है तथा लाखों की संख्या में भीड़ बढ़ने की संभावना है। रामनवमी कार्यक्रम के तैयारी की प्रस्तुतीकरण जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा किया गया। जिसमें लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत, सूचना, संस्कृति, सामान्य प्रशासन एवं मेला प्रशासन के प्रमुख कार्य है तथा जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष की अपेक्षा और बेहतर व्यवस्था की गयी है तथा विभागों से समन्वय रहेगा।

पुलिस प्रशासन की व्यवस्था जिसमें पार्किंग व्यवस्था, टैफिक व्यवस्था आदि की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर द्वारा किया गया तथा बेहतर व्यवस्था का आश्वासन दिया गया। मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि रामलला विराजमान मंदिर के शुरू होने के बाद लगातार भीड़ बढ़ गयी है श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग बेहतर ढंग से कार्य करने हेतु निर्देश दिया गया। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने पुलिस व्यवस्था के सम्बंध में बताया कि आवश्यक होगा और भी पुलिस व्यवस्था की जायेगी तथा पुलिस के व्यवहार को भी श्रद्धालुओं के प्रति अच्छा रखने हेतु निर्देश दिया गया है।

इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक जोन अमरेन्द्र सिंह सेंगर के अलावा सांसद लल्लू सिंह, मेयर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा0 अमित सिंह चैहान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित अन्य पार्टी के पदाधिकारी के अलावा सम्बंधित विभागों के अधिकारी, अभियन्ता, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज, अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल, अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल सोनकर, मुख्य चिकित्साधिकारी, उपनिदेशक सूचना, उपनिदेशक पर्यटन, विद्युत सहित अन्य विभागों के अभियन्ता, आरटीओ ऋतु सिंह आदि उपस्थित रहीं।